हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

************************************************************
**********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा वासियों को गुरु पूर्णिमा के पवित्र पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु केवल ज्ञान का स्रोत ही नहीं, बल्कि मार्गदर्शक भी होते हैं जो जीवन को सही दिशा में ले जाते हैं। उनकी उपस्थिति से चरित्र, मूल्य और व्यक्तित्व का निर्माण होता है और जीवन में सत्य और कर्तव्य की समझ जागृत होती है।

************************************************************
*****************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय परिचय एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 3 हजार नवनियुक्त कर्मचारियों को नौकरी में लिए जाने के मौके पर उनके परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने, नवनियुक्त समूह-डी कर्मचारियों और उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा -

************************************************************
**********

फरीदाबाद पुलिस ने सावन माह में  कल से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात के  लिए विशेष इंतजाम किए हैं। कांवड़ यात्रा 11 अगस्त तक चलेगी। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित कांवड़ मार्गों का ही उपयोग करने  और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है । कांवड़ यात्रा के दौरान ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर कांवड़ियों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस ने कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान पहचान पत्र साथ रखने, सड़क के बीच कांवड़ न रखने तथा वाहनों में तेज आवाज वाले डीजे का प्रयोग न करने और  किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 का प्रयोग करने की सलाह दी है  ।

************************************************************
**********

भिवानी में पशुओं को मुंह खुर की बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण किया जा रहा है।भिवानी के पशु चिकित्सक विजय सनसनवाल ने बताया कि मौसम में परिवर्तन के दौरान पशुओं में मुंह खुर का रोग प्रमुख है, जो एक छूत की बीमारी है।

************************************************************
**********

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो  की टीम ने हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के कार्यकारी अभियंता दीपक गर्ग को ₹30,000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता ने शिकायत दी थी कि कार्यकारी उसके लंबित बिलों का भुगतान जारी करने के एवज में रिश्वत की मांग रहा है। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, फरीदाबाद की टीम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023

की धारा 105 के प्रावधानों के अनुरूप मामला दर्ज करके अगली कारवाई की शुरू कर दी है ।

************************************************************
**********

हरियाणा के जिला नूंह में 3 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नूंह पुलिस ने भारी वाहनों के लिए विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रा के दौरान जिले की सीमा में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

पुलिस प्रवक्ता ने वैकल्पिक मार्गों को लेकर बताया कि अलवर से सोहना और गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहन फिरोजपुर झिरका के अंबेडकर चौक से मुंबई एक्सप्रेस-वे होते हुए केएमपी रेवासन के रास्ते अपने गंतव्य तक जाएंगे।

इसी प्रकार सोहना से गुरुग्राम तथा तावडू से अलवर जाने वाले भारी वाहनों को भी केएमपी रेवासन से मुंबई एक्सप्रेस-वे होते हुए अंबेडकर चौक, फिरोजपुर झिरका के रास्ते अलवर जाने के निर्देश दिए गए हैं।

पलवल, होडल और अलीगढ़ से अलवर जाने वाले भारी वाहन भी केएमपी और मुंबई एक्सप्रेस-वे के निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का ही उपयोग करेंगे।
************************************************************
**********